

Chapter
25

# इलेक्ट्रॉन, फोटॉन, प्रकाश विद्युत प्रभाव एवं एक्स किरणें

## गैसों में विद्युत विसर्जन (Electric Discharge Through Gases)

सामान्य दाब पर गैसें विद्युत की कुचालक हैं। यदि हम सामान्य दाब पर वायु में कुछ सेमी दूरी पर स्थित दो इलेक्ट्रोडों के बीच उच्च विभवान्तर (लगभग 30 *kV*) स्थापित कर दें तो उनके बीच विद्युत प्रवाह चिंगारियों के रूप में होने लगता है। गैसों में इस प्रकार के विद्युत प्रवाह को ''विद्युत विसर्जन'' कहते हैं।

गैसों में विद्युत विसर्जन का अध्ययन एक विसर्जन नलिका की सहायता से किया जाता है।




Fig. 25.1

जैसे-जैसे नली के दाब को कम करते जाते हैं तो विसर्जन की निम्न स्थितियाँ प्राप्त होती हैं

(1) सामान्य दाब पर गैस में कोई विसर्जन नहीं होता है।

(2) 10 *mm* (*Hg*) दाब पर नली में एक इलेक्ट्रोड से दूसरे इलेक्ट्रोड की ओर टेढ़ी-मेढ़ी पतली लाल चिंगारी चलती हुई दिखाई देती है एवं चटचटाने (Cracking) की आवाज सुनाई देती है।




Fig. 25.2

(3) 4 *mm Hg* दाब पर इलेक्ट्रोडों पर कुछ चमक दिखाई देती है एवं शेष नलिका में अंधेरा छा जाता है।

(4) जब दाब 4 *mm Hg* से कुछ कम हो जाता है तो एनोड और कैथोड के बीच का भाग चमकीले प्रकाश से भर जाता है। इसे धनात्मक प्रकाश स्तम्भ कहते हैं। प्रकाश का रंग गैस की प्रकृति पर निर्भर करता है।

**Table 25.1 : विभिन्न गैसों के लिये रंग**

| गैस | वायु | $H_2$ | $N_2$ | $Cl_2$ | $CO_2$ | नियॉन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रंग | लाल बैंगनी | नीला | लाल | हरा | नीला श्वेत | गहरा लाल |

(5) 1.65 *mm Hg* दाब पर

कैथोड पर नीले रंग की चमक दिखाई देती है इसे ऋण दीप्ति कहते हैं। धनात्मक स्तम्भ की लम्बाई कम हो जाती है। ऋण दीप्ति एवं धनात्मक स्तम्भ के बीच उपस्थित अंधकार को फैराडे का अदीप्त प्रदेश (F.D.S.) कहते हैं।




Fig. 25.3

(6) 0.8 *mm Hg* दाब पर ऋण दीप्ति कैथोड को छोड़कर आगे बढ़ जाती है। ऋण दीप्ति एवं कैथोड के बीच अंधेरे स्थान को क्रुक का अदीप्त प्रदेश कहते हैं। धनात्मक स्तम्भ की लम्बाई बहुत कम हो जाती है। कैथोड पर एक हल्की चमक दिखाई देती है इसे कैथोड दीप्ति कहते हैं।




Fig. 25.4

(7) 0.05 *mm Hg* दाब पर धनात्मक स्तम्भ क्रमागत दीप्त व अदीप्त धब्बों में विभाजित हो जाता है।

(8) 0.01 या $10^{-2}$ *mm Hg* दाब पर कैथोड से कुछ अदृश्य कण निकलते हैं जो कैथोड के सामने नलिका से टकराकर प्रदीप्ति उत्पन्न करते हैं। इन अदृश्य किरणों (कणों की बौछार) को कैथोड किरणें कहते हैं।

(9) अन्ततः $10^{-4}$ *mm Hg* दाब पर कोई विसर्जन नहीं होता है।

## कैथोड किरणें (Cathode Rays)

(1) कैथोड किरणों की खोज सर विलियम क्रुक ने की।

(2) ये इलेक्ट्रॉनों का पुंज होती है।

(3) ये किरणें $10^{-2}$ *mm Hg* दाब पर विसर्जन नलिका में कैथोड से उत्पन्न होती हैं।

(4) इस दाब पर गैस के अणु आयनित हो जाते हैं एवं मुक्त इलेक्ट्रॉन धनात्मक एनोड की ओर गति करने लगते हैं।

(5) कैथोड किरणें सरल रेखा में चलती हैं।

(6) कैथोड किरणें तल के लम्बवत् निकलती हैं एवं एनोड की स्थिति से अप्रभावित रहती हैं।

(7) यांत्रिक दाब आरोपित करती हैं।

(8) किसी पदार्थ पर आपतित होने पर उसे गर्म कर देती हैं।

(9) फोटोग्राफिक प्लेट को प्रभावित करती हैं।

(10) जब कैथोड किरणें उच्च परमाणु भार एवं उच्च गलनांक वाली धातु (ठोस वस्तु) से टकराती है तब वस्तु से *x*-किरणें उत्सर्जित होती है।

(11) विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र में विक्षेपित होती हैं।

(12) गैसों को आयनित कर देती हैं।

(13) पतली धात्विक पन्नी को पार कर जाती हैं।

(14) इनका वेग $\frac{1}{30}$ से $\frac{1}{10}$ प्रकाश के वेग (अर्थात् $10^7$ *m/s* से $3 \times 10^7$ *m/s*) के बराबर होता है।

## जे.जे. थॉमसन विधि का प्रयोग (J.J. Thomson's Experiment)

(1) यदि इलेक्ट्रॉनों के एक पुंज पर विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र इस प्रकार आरोपित किये जायें कि इन दोनों के कारण इलेक्ट्रॉनों पर लगने वाले बल बराबर व विपरीत हों तो इलेक्ट्रॉन पुंज अविक्षेपित गुजरता है। यही इस विधि का कार्य सिद्धान्त है।

(2) जब (चित्रानुसार) प्लेटों के बीच कोई क्षेत्र आरोपित नहीं करते हैं तो इलेक्ट्रॉन पुंज *P* पर प्रदीप्ति उत्पन्न करता है।

(3) क्षेत्र (विद्युत या चुम्बकीय) आरोपित करने पर इलेक्ट्रॉन पुंज पर्दे पर ऊपर की ओर या नीचे की ओर ($P'$ या $P''$) प्रदीप्ति उत्पन्न करता है।)

(4) यदि दोनों क्षेत्र एक-साथ आरोपित करें एवं इनके मानों को इस प्रकार व्यवस्थित करें कि इलेक्ट्रॉन अविक्षेपित गुजरें अर्थात् बिन्दु *P* पर प्रदीप्ति उत्पन्न करें तब इस स्थिति में,




Fig. 25.5

विद्युत क्षेत्र के कारण बल = चुम्बकीय क्षेत्र के कारण बल $\Rightarrow eE = evB$

$\Rightarrow v = \frac{E}{B}$; *v* = इलेक्ट्रॉन का वेग

(5) जब इलेक्ट्रॉन पुंज कैथोड से एनोड तक त्वरित होता है तो इसकी कैथोड पर स्थितिज ऊर्जा, एनोड पर गतिज ऊर्जा में परिवर्तित (वृद्धि) हो जाती है। यदि कैथोड एवं एनोड के बीच विभवान्तर *V* है तब वैद्युत स्थितिज ऊर्जा = *eV*

एनोड पर गतिज ऊर्जा में वृद्धि K.E. $= \frac{1}{2}mv^2$ अर्थात $eV = \frac{1}{2}mv^2$

$$\Rightarrow \frac{e}{m} = \frac{v^2}{2V} \Rightarrow \frac{e}{m} = \frac{E^2}{2VB^2}$$

थॉमसन ने,, $\frac{e}{m} = 1.77 \times 10^{11}\, C/kg$ प्राप्त किया।

यदि चाल के साथ द्रव्यमान के परिवर्तन पर विचार करें ($m = m_0 / \sqrt{1 - v^2/c^2}$), तब वेग बढ़ने पर इलेक्ट्रॉन के विशिष्ट आवेश का मान घटता है।

(6) केवल विद्युत क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन का विस्थापन $y = \frac{1}{2}\left(\frac{eE}{m}\right) \cdot \frac{l^2}{v^2}$; यहाँ *l* = प्रत्येक प्लेट की लम्बाई, *y* = विद्युत क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन का विस्थापन, *v* = इलेक्ट्रॉन का वेग।




Fig. 25.6

## मिलिकन का तेल बूँद प्रयोग (Millikan's Oil Drop Experiment)

(1) मिलिकन ने इस महत्वपूर्ण प्रयोग द्वारा यर्थाथतापूर्वक इलेक्ट्रॉनिक आवेश का मान ज्ञात किया।

(2) दो धात्विक प्लेटों पर उचित विद्युत क्षेत्र आरोपित करके, आवेशित तेल बूँद को उठाया या गिराया या स्थिर रखा जा सकता है एवं इनको एक सूक्ष्मदर्शी की सहायता से एक लम्बे समय तक दृश्य क्षेत्र में रखा जा सकता है। उन्होंने अपने प्रयोग द्वारा यह पाया कि एक आवेशित तेल बूँद पर आवेश का मान मूल आवेश $1.602 \times 10^{-19}$ का पूर्ण गुणक है।

(3) इस प्रयोग द्वारा तेल बूँद पर प्राप्त आवेश का मान

$$q = \frac{6\pi\eta(v_1 + v_2)d}{v}\left[\frac{9\eta v_1}{2g(\rho - \sigma)}\right]^{1/2}$$




Fig. 25.7

यहाँ $\eta$ = श्यानता गुणांक, $v_1$ = बूँदों का सीमान्त वेग जबकि कोई विद्युत क्षेत्र आरोपित नहीं किया गया है, $v_2$ = बूँदों का सीमान्त वेग जबकि प्लेटों के बीच विद्युत क्षेत्र आरोपित किया गया है।

$V$ = प्लेटों पर आरोपित विभवान्तर, $d$ = प्लेटों के बीच अन्तराल, $\rho$ = तेल का घनत्व, $\sigma$ = वायु का घनत्व।

## धन-किरणें (Positive Rays)

धन आयनों के पुंज को धन किरणें या कैथोड किरणें कहते हैं। इनकी खोज गोल्डस्टीन ने की। जब विसर्जन नलिका में गैस का दाब $10^{-3}$ *mm Hg* रखते हैं तब छिद्रयुक्त कैथोड से धुँधली किरणें (चमक) पीछे की ओर निकलती हुई दिखाई देती हैं, यही धन किरणें हैं।

जब विसर्जन नलिका (दाब $10^{-3}$ *mm Hg*), के इलेक्ट्रॉनों के मध्य विभवान्तर आरोपित करते हैं तो छिद्रयुक्त कैथोड से इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन होता है। जब ये इलेक्ट्रॉन ऐनोड की ओर चलते हैं तो वे ऊर्जा प्राप्त कर लेते हैं जब ये ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन विसर्जन नलिका में भरी गैस के परमाणुओं से टकराते हैं, तो ये परमाणु आयनित हो जाते हैं। ऐनोड और कैथोड के मध्य इस प्रकार उत्पन्न धनावेशित आयन कैथोड की ओर गति करते हैं एवं कैथोड के छिद्रों में से कुछ आयन गुजरकर नलिका की दीवार से टकराते हैं और एक फीकी चमक उत्पन्न होती है। धनावेशित आयनों के पुंज को धन किरणें कहते हैं।




Fig. 25.8

(1) यदि प्रयुक्त गैस के समस्थानिक नहीं हैं तो धन किरणें समान द्रव्यमान के धनआयनों का पुंज है। इसके विपरीत गैस समस्थानिक रखती है तो धन किरणों के आयनों का द्रव्यमान भिन्न-भिन्न होता है।

(2) ये सरल रेखा में गमन करती है एवं इनके मार्ग में उपस्थित वस्तु की छाया उत्पन्न करती है, परन्तु इनका वेग कैथोड किरणों की तुलना में बहुत कम होता है।

(3) ये विद्युत क्षेत्र व चुम्बकीय क्षेत्र में विक्षेपित होती हैं, परन्तु इनका विक्षेप कैथोड किरणों की तुलना में कम होता है।

(4) इन किरणों में धन-आयनों का वेग भिन्न-भिन्न होता है। इलेक्ट्रॉनों की तुलना में धन-आयनों का द्रव्यमान अधिक होने के कारण इन किरणों का वेग कैथोड किरणों की तुलना में कम होता है।

(5) इन किरणों के कणों के $q/m$ या विशिष्ट आवेश का मान गैस की प्रकृति पर निर्भर करता है (जबकि कैथोड किरणों के लिए $q/m$ नियत रहता है एवं गैस की प्रकृति पर निर्भर नहीं करता है।) हाइड्रोजन के लिए $q/m$ अधिकतम होता है।

(6) ये संवेग व ऊर्जा का स्थानांतरण करती हैं। इन किरणों की गतिज ऊर्जा कैथोड किरणों से अधिक होती है।

(7) धन-किरणों (कणों) पर उपस्थित आवेश इलेक्ट्रॉन आवेश ($e$) का पूर्ण गुणक होता है।

(8) इनमें आयनीकरण का गुण पाया जाता है। इनकी आयनीकरण क्षमता कैथोड किरणों की तुलना में अधिक होती है।

## थॉमसन द्रव्यमान स्पेक्ट्रोग्राफ (Thomson's Mass Spectrograph)

इसका उपयोग गैस में उपस्थित विभिन्न समस्थानिकों का परमाणु भार ज्ञात करने में किया जाता है। ऐसा गैस के एकल धनावेशित आयन के $q/m$ मापन द्वारा किया जाता है।




Fig. 25.9

(1) चित्रानुसार बाँयीं ओर लगे फ्लास्क में धन आयनों को उत्पन्न करते हैं। इन आयनों के पुंज को कैथोड की ओर त्वरित करते हैं। कुछ धन आयन कैथोड में उपस्थित बारीक छिद्रों में से निकलते हैं। इस प्रकार प्राप्त बारीक किरण पुंज पर समान्तर विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र आरोपित करते हैं। इसके पश्चात् इसे एक स्फुर-दीप्ति पर्दे पर आपतित करते हैं। ($\vec{E} \parallel \vec{B}$ परन्तु $\vec{E}$ या $\vec{B} \perp \vec{v}$

(2) यदि धन आयन प्रारम्भ में $+x$ दिशा में गतिमान हो एवं विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र $+y$ दिशा में कार्यरत् हो तब विद्युत क्षेत्र के कारण धन आयनों पर आरोपित बल $y$-दिशा में एवं चुम्बकीय क्षेत्र के कारण आरोपित बल $z$-अक्ष की दिशा में होगा




Fig. 25.10

विद्युत क्षेत्र के कारण विक्षेप $y = \frac{qELD}{mv^2}$ .....(i)

चुम्बकीय क्षेत्र के कारण विक्षेप $z = \frac{qBLD}{mv}$ .....(ii)

समीकरण (i) व (ii) से, $z^2 = k\left(\frac{q}{m}\right)y$

जहाँ $k = \frac{B^2LD}{E}$; यह एक परवलय का समीकरण है। अर्थात् एकसमान विशिष्ट आवेश एवं विभिन्न वेगों से गतिमान आयन $y$-$z$ तल में स्थित पर्दे पर एक ही परवलय के विभिन्न बिन्दुओं पर आपतित होते हैं।

(3) समान विशिष्ट आवेश $q/m$ एवं विभिन्न वेगों वाले धनायन एक ही परवलय पर टकराते हैं। भिन्न-भिन्न विशिष्ट आवेशों वाले धनायन भिन्न-भिन्न परवलयों पर टकराते हैं।




Fig. 25.11

(4) पर्दे पर प्राप्त परवलयों की संख्या हमें गैस में उपस्थित समस्थानिकों की संख्या बतलाती है।

## बेनब्रिज द्रव्यमान स्पेक्ट्रोग्राफ (Bainbridge Mass Spectrograph)

इसमें वेग वरणकारी (Velocity selector) की सहायता से एकसमान वेग के कणों का चयन करके इन पर एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र आरोपित करते हैं। यह चुम्बकीय क्षेत्र कणों की गति की दिशा के लम्बवत् होता है। विभिन्न समस्थानिकों के संगत कण भिन्न-भिन्न वृत्ताकार भागों के अनुदिश गति करते हैं।

(1) **वेग वरणकारी :** एक निश्चित वेग वाले धनावेशित आयनों को अन्य गतिमान कणों से अलग कर लिया जाता है। इस प्रकोष्ठ में विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र को एक-दूसरे के लम्बवत् इस प्रकार संतुलित किया जाता है कि कण अविचलित हुये गुजर जाता है। इसके लिये आवश्यक शर्त है $v = \frac{E}{B}$ एवं $E$, $B$ और $v$ परस्पर लम्बवत् होने चाहिये।

(2) **विश्लेषक कोष्ठ :** इसमें चुम्बकीय क्षेत्र $B$ कणों की गति के दिशा के लम्बवत् आरोपित करते हैं। इसके परिणामस्वरूप कण वृत्ताकार मार्ग पर गति करते हैं जिसकी त्रिज्या

$$r = \frac{mE}{qBB'} \Rightarrow \frac{q}{m} = \frac{E}{BB'r} \text{ एवं } \frac{r_1}{r_2} = \frac{m_1}{m_2}$$

इस प्रकार विभिन्न द्रव्यमान के आयन भिन्न-भिन्न त्रिज्याओं के वृत्तों पर विक्षेपित होते हैं एवं प्रकाश संवेदी प्लेट पर भिन्न बिन्दुओं पर टकराते हैं।




Fig. 25.12

विभिन्न द्रव्यमानों के पथों (Traces) के मध्य दूरी

$$= d = 2r_2 - 2r_1 = \frac{2v(m_2 - m_1)}{qB'}$$

## द्रव्य तरंगें या डी-ब्रोग्ली तरंगें (Matter Waves or de-Broglie Waves)

डी-ब्रोग्ली के अनुसार एक गतिमान द्रव्य कण कभी कण की तरह एवं कभी तरंग की तरह व्यवहार करता है।

गतिशील द्रव्यकण से सम्बद्ध तरंग को द्रव्य तरंग या डी-ब्रोग्ली तरंग कहते हैं एवं यह तरंग एक समूह वेग से एक पैकेट के रूप में संचरित होती है।

(1) **डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य :** डी-ब्रोग्ली के अनुसार किसी गतिमान कण से सम्बद्ध तरंग का तरंगदैर्ध्य

$$\lambda = \frac{h}{p} = \frac{h}{mv} = \frac{h}{\sqrt{2mE}} \Rightarrow \lambda \propto \frac{1}{p} \propto \frac{1}{v} \propto \frac{1}{\sqrt{E}}$$

यहाँ $h$ = प्लांक नियतांक, $m$ = कण का द्रव्यमान, $v$ = कण का वेग, $E$ = कण की ऊर्जा

सबसे सूक्ष्म तरंगदैर्ध्य जिसका मापन सम्भव है, $\gamma$ -किरणों की है।

माइक्रो आकार के कण, जैसे इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन $\alpha$-कण इत्यादि से सम्बद्ध द्रव्य तरंग की तरंगदैर्ध्य की कोटि $10^{-10}$ $m$ है।

(2) **आवेशित कणों से सम्बद्ध डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य :** $V$ विभवान्तर से त्वरित आवेशित कण की ऊर्जा $E = \frac{1}{2}mv^2 = qV$

अतः डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य $\lambda = \frac{h}{p} = \frac{h}{\sqrt{2mE}} = \frac{h}{\sqrt{2mqV}}$

$$\lambda_{\text{इलेक्ट्रॉन}} = \frac{12.27}{\sqrt{V}} Å, \; \lambda_{\text{प्रोटॉन}} = \frac{0.286}{\sqrt{V}} Å,$$

$$\lambda_{\text{ड्यूट्रॉन}} = \frac{0.202}{\sqrt{V}} Å, \quad \lambda_{\alpha\text{-कण}} = \frac{0.101}{\sqrt{V}} Å$$

(3) **अनावेशित कणों से सम्बद्ध डी--ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य :** न्यूट्रॉन से सम्बद्ध डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य

$$\lambda_{\text{न्यूट्रॉन}} = \frac{0.286 \times 10^{-10}}{\sqrt{E(eV \text{ में})}} m = \frac{0.286}{\sqrt{E(eV \text{ में})}} Å$$

सामान्य ताप पर न्यूट्रॉनों की तापीय ऊर्जा

$\because \; E = kT \Rightarrow \lambda = \frac{h}{\sqrt{2mkT}}$; जहाँ $k$ = बोल्ट्ज़मैन नियतांक = $1.38 \times 10^{-23} \frac{\text{जूल}}{\text{कैल्विन}}$, $T$ = परमताप

इसलिए, $\lambda_{\text{तापीय न्यूट्रॉन}} = \frac{6.62 \times 10^{-34}}{\sqrt{2 \times 1.67 \times 10^{-27} \times 1.38 \times 10^{-23} T}} = \frac{30.83}{\sqrt{T}} Å$

(4) **फोटॉन एवं इलेक्ट्रॉन की तरंगदैर्ध्यों का अनुपात :** $E$ ऊर्जा के फोटॉन की तरंगदैर्ध्य $\lambda_{ph} = \frac{hc}{E}$ होती है। जबकि गतिज ऊर्जा $K$ वाले इलेक्ट्रॉन की तरंगदैर्ध्य $\lambda_c = \frac{h}{\sqrt{2mK}}$ अतः समान ऊर्जा की स्थिति में

$$\frac{\lambda_{ph}}{\lambda_e} = \frac{c}{E}\sqrt{2mK} = \sqrt{\frac{2mc^2K}{E^2}}$$

## द्रव्य तरंगों के लक्षण (Characteristics of Matter Waves)

(1) द्रव्य तरंग आकाश में कण की स्थिति की प्रायिकता को व्यक्त करती है।

(2) द्रव्य तरंगें विद्युत चुम्बकीय तरंगें नहीं हैं।

(3) द्रव्य तरंगें, द्रव्य कण पर उपस्थित आवेश पर निर्भर नहीं करती हैं (अर्थात् आवेशित या निरावेशित)। प्रत्येक कण से डी-ब्रोग्ली तरंग सम्बद्ध होती है।

(4) इन तरंगों का प्रायोगिक प्रेक्षण तभी सम्भव है जब उनसे सम्बद्ध तरंग की तरंगदैर्ध्य कण के आकार की तुलना में अधिक हो।

(5) इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप डी-ब्रोग्ली तरंगों के सिद्धान्त पर कार्य करता है।

(6) द्रव्य तरंगों का कला वेग प्रकाश वेग से अधिक हो सकता है।

(7) द्रव्य तरंगें निर्वात में गमन करती हैं, अतः ये यांत्रिक तरंगें नहीं हैं।

(8) $n$वी कक्षा में स्थित इलेक्ट्रॉन से सम्बद्ध डी-ब्रोग्ली तरंगों की संख्या $n$ है।

(9) नाभिक के चारों ओर वे ही कक्षाऐं स्थायी हैं जिनकी परिधि कक्षीय इलेक्ट्रॉन से बद्ध डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य की पूर्ण गुणक होती है।

## डेवीसन जर्मर प्रयोग (Davision and Germer Experiment)

(1) इस प्रयोग में ठोस द्वारा इलेक्ट्रॉन का प्रकीर्णन या इलेक्ट्रॉन की तरंग प्रकृति का सत्यापन किया जाता है। इलेक्ट्रॉन गन से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन पुंज को एक निकिल क्रिस्टल पर आपतित कराते हैं। यह क्रिस्टल त्रिविमीय अक्ष (किसी निश्चित कोण पर) के अनुदिश कटा होता है एवं यह इलेक्ट्रॉन गन से प्राप्त इलेक्ट्रॉन पुंज को विवर्तित करता है।




Fig. 25.13

(2) इलेक्ट्रॉन के विवर्तित पुंज को संसूचक ग्रहण करता है, इसे आपतित बिन्दु के सापेक्ष किसी भी कोण पर रखा जा सकता है। इलेक्ट्रॉन गन पर आरोपित विभवान्तर को परिवर्तित करके आपतित इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा को परिवर्तित कर सकते हैं।

(3) चिरसम्मत (Classical) भौतिकी के अनुसार सभी प्रकीर्णन कणों पर विवर्तित इलेक्ट्रॉन पुंज की तीव्रता एकसमान होगी परन्तु डेविसन तथा जर्मर ने अपने प्रयोग में सिद्ध किया कि भिन्न-भिन्न कोणों पर प्रकीर्णित इलेक्ट्रॉन पुंज की तीव्रता भिन्न-भिन्न होती है। विवर्तन कोण 50° एवं विभवांतर 54 $V$ पर विवर्तित इलेक्ट्रॉन पुंज की तीव्रता अधिकतम प्राप्त होती है।




Fig. 25.14

(4) यदि इलेक्ट्रॉनों से सम्बद्ध डी-ब्रोग्ली तरंगें हैं, तो यह $x$-किरणों की तरह विवर्तित होनी चाहिए। अतः ब्रेग के समीकरण $2d\sin\theta = n\lambda$ से इस तरंग की तरंगदैर्ध्य ज्ञात कर सकते हैं।

यहाँ $d$ = विवर्तन तलों के बीच की दूरी, $\theta = \frac{(180-\phi)}{2}$ = आपतित पुंज के लिये स्पर्शी कोण = ब्रेग कोण




$Ni$-क्रिस्टल के लिये, विवर्तन तलों की दूरी $d = 0.91 Å$ एवं ब्रैग कोण = 65°, तब $n = 1$ के लिये $\lambda = 2 \times 0.91 \times 10^{-10} \sin 65^o = 1.65\ Å$ डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य को निम्न प्रकार भी ज्ञात कर सकते हैं

$\lambda = \frac{12.27}{\sqrt{V}} = \frac{12.27}{\sqrt{54}} = 1.67\ Å$ इस प्रकार डी-ब्रोग्ली की परिकल्पना का सत्यापन होता है।

(5) ब्रैग के सूत्र को अंतरपरमाणुक दूरी $D$ एवं कोण $\phi$ के रूप में भी लिखा जा सकता है

$\because\ \theta = 90 - \frac{\phi}{2}$ एवं $d = D\cos\theta = D\sin\frac{\phi}{2}$

$\sin\theta = \cos\frac{\phi}{2}$ से,

$2d\sin\theta = \lambda \Rightarrow 2(D\sin\frac{\phi}{2}).\cos\frac{\phi}{2} = \lambda \Rightarrow D\sin\phi = \lambda$

## हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्धान्त (Heisenberg Uncertainty Principle)

(1) हाइजेनबर्ग के अनुसार, किसी कण की स्थिति एवं संवेग को एकसाथ (Simultaneously) मापना असंभव है।

(2) माना कि कण की स्थिति एवं संवेग मापन में अनिश्चितता क्रमशः $\Delta x$ व $\Delta p$ है तब $\Delta x \Delta p = \hbar$ ; यहाँ $\hbar = \frac{h}{2\pi}$ तथा $h = 6.63 \times 10^{-34}$ $J$-$s$ प्लांक नियतांक ($\frac{h}{2\pi} = 1.05 \times 10^{-34}\ J\text{-}sec$)

एक इलेक्ट्रॉन को उसके संवेग परिवर्तन के बिना प्रेक्षित नहीं किया जा सकता $\Delta x.\Delta p \geq \frac{\hbar}{2}\left(\text{या } \frac{h}{4\pi}\right)$

(3) यदि $\Delta x = 0$ तब $\Delta p = \infty$ एवं यदि $\Delta p = 0$ तब $\Delta x = \infty$

अर्थात् यदि हम किसी कण (इलेक्ट्रॉन) की स्थिति सही ज्ञात कर लेते हैं तब कण के संवेग मापन में अनिश्चितता अनन्त है। इसी प्रकार यदि हम किसी कण के संवेग के सही मान को ज्ञात कर लेते हैं, तब इसकी स्थिति में अनिश्चितता अनन्त है अर्थात् $\Delta p = 0$ इस क्षण हम कण की सही स्थिति ज्ञात नहीं कर सकते।




Fig. 25.16

एक इलेक्ट्रॉन को उसके संवेग परिवर्तन के बिना प्रेक्षित नहीं किया जा सकता।

(4) अनिश्चितता के सिद्धान्त अनुसार निम्न तथ्यों की सफल व्याख्या की जा सकी।

(i) नाभिक में इलेक्ट्रॉनों की अनुपस्थिति

(ii) स्पेक्ट्रमी रेखाओं का निश्चित आकार

(5) हाइजेनबर्ग अनिश्चितता के सिद्धान्त का उपयोग ऊर्जा एवं समय, कोणीय संवेग एवं कोणीय विस्थापन के लिए भी होता है। अतः $\Delta E . \Delta t \geq \frac{h}{2\pi}$ एवं $\Delta L . \Delta\theta \geq \frac{h}{2\pi}$

(6) यदि नाभिक की त्रिज्या $r$ हो तब नाभिक में इलेक्ट्रॉन के पाये जाने की प्रायिकता $\Delta x = 2r$ एवं इसके संवेग में अनिश्चितता $\Delta p = \frac{h}{4\pi r}$

## फोटॉन (Photon)

आइन्स्टीन के प्रकाश सम्बन्धी क्वाण्टा सिद्धान्त के अनुसार : प्रकाश ऊर्जा के छोटे-छोटे बण्डलों (पैकेटों) के रूप में गमन करता है। ऊर्जा के इस छोटे से पैकेट को फोटॉन कहते हैं।

(1) **फोटॉन-ऊर्जा :** प्रत्येक फोटॉन की ऊर्जा

$E = h\nu = \frac{hc}{\lambda}$; यहाँ $c$ = प्रकाश का वेग, $h$ = प्लांक नियतांक = $6.6 \times 10^{-34}$ *J-sec*, $\nu$ = आवृत्ति *Hz* में एवं $\lambda$ = तरंगदैर्ध्य

फोटॉन की ऊर्जा (*eV*) में $E(eV) = \frac{hc}{e\lambda} = \frac{12375}{\lambda(Å)} \approx \frac{12400}{\lambda(Å)}$

(2) **फोटॉन-द्रव्यमान :** फोटॉन का विराम द्रव्यमान शून्य है। फोटॉन का प्रभावी द्रव्यमान

$E = mc^2 = h\nu \Rightarrow m = \frac{E}{c^2} = \frac{h\nu}{c^2} = \frac{h}{c\lambda}$. यह फोटॉन का गतिक द्रव्यमान है।

(3) **फोटॉन का संवेग :** संवेग $p = m \times c = \frac{E}{c} = \frac{h\nu}{c} = \frac{h}{\lambda}$

(4) **प्रकाश स्रोत से उत्सर्जित फोटॉनों की संख्या :** किसी $P$ शक्ति वाले प्रकाश स्रोत से यदि $\lambda$ तरंगदैर्ध्य वाली तरंगें उत्सर्जित हो रही हों तो इससे प्रति सैकण्ड उत्सर्जित फोटॉनों की संख्या $(n) = \frac{P}{E} = \frac{P}{h\nu} = \frac{P\lambda}{hc}$; जहाँ $E$ = प्रत्येक फोटॉन की ऊर्जा

(5) **प्रकाश तीव्रता ($I$) :** किसी सतह के प्रति इकाई क्षेत्रफल से प्रति सैकण्ड अभिलम्बवत् गुजरने वाली प्रकाश ऊर्जा प्रकाश-तीव्रता कहलाती है।

अर्थात् $I = \frac{E}{At} = \frac{P}{A}$ $\left(\frac{E}{t} = P = \text{विकिरण शक्ति}\right)$

एक बिन्दु प्रकाश स्रोत से $r$ दूरी पर तीव्रता $I = \frac{P}{4\pi r^2} \Rightarrow I \propto \frac{1}{r^2}$

(6) **प्रति सैकण्ड आपतित फोटॉनों की संख्या ($n$) :** यदि विकिरणों की शक्ति $P$ एवं एक फोटॉनों की ऊर्जा $E$ है तब $n = \frac{P}{E}$

## प्रकाश-विद्युत प्रभाव (Photo-Electric Effect)

जब उचित तरंगदैर्ध्य या आवृत्ति का विकिरण (प्रकाश, पराबैंगनी, $X$-किरणें या $\gamma$-किरणें) किसी धातु सतह पर आपतित होता है तो सतह से इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होने लगते हैं। फोटॉनों के इस प्रभाव को प्रकाश विद्युत प्रभाव कहते हैं।

प्रकाश विद्युत प्रभाव के बारे में सर्वप्रथम वैज्ञानिक हर्ट्ज ने बताया, बाद में विलियम हॉलवाश एवं फिलिप लेनार्ड ने विस्तृत अध्ययन किया।

यह प्रभाव ऊर्जा-संरक्षण के नियम पर आधारित है।

(1) **कार्य फलन (देहली ऊर्जा) :** वह न्यूनतम ऊर्जा जो इलेक्ट्रॉन को धातु की सतह से मुक्त कराने के लिए आवश्यक हो उसे उस धातु का कार्य फलन या देहली ऊर्जा कहते हैं।

$W_0 = h\nu_0 = \frac{hc}{\lambda_0} J$; $\nu_0$ = देहली आवृत्ति

$\lambda_0$ = देहली तरंगदैर्ध्य;

इलेक्ट्रॉन वोल्ट में कार्य फलन $W_0(eV) = \frac{hc}{e\lambda_0} = \frac{12375}{\lambda_0(Å)}$

**Table 25.2 : विभिन्न तत्वों के कार्य फलन**

| तत्व | कार्य फलन (*eV*) | तत्व | कार्य फलन (*eV*) |
|---|---|---|---|
| प्लेटिनम | 6.4 | एल्युमिनियम | 4.3 |
| सोना | 5.1 | रजत | 4.3 |
| निकिल | 5.1 | सोडियम | 2.7 |
| कार्बन | 5.0 | लीथियम | 2.5 |
| सिलिकान | 4.8 | पोटेशियम | 2.2 |
| तांबा | 4.7 | सीजियम | 1.9 |

(2) **देहली आवृत्ति ($\nu_0$) :** आपतित विकिरण की न्यूनतम आवृत्ति जो इलेक्ट्रॉन को धातु की सतह से मुक्त कराने के लिए आवश्यक हो, देहली आवृत्ति कहलाती है।

यदि आपतित आवृत्ति $\nu < \nu_0$ प्रकाश इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन नहीं होगा।

अधिकांश धातुओं के लिये देहली आवृत्ति पराबैंगनी क्षेत्र (तरंगदैर्ध्य 200 एवं 300 *nm*), में होती है जबकि पोटेशियम एवं सीजियम ऑक्साइड के लिये यह दृश्य क्षेत्र (400 से 700 *nm* की तरंगदैर्ध्य के बीच) में होती है।

(3) **देहली तरंगदैर्ध्य ($\lambda_0$) :** प्रकाश संवेदी सतह से फोटो-इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन के लिए आवश्यक अधिकतम तरंगदैर्ध्य देहली तरंगदैर्ध्य कहलाती है।

यदि आपतित तरंगदैर्ध्य $\lambda > \lambda_0$ तब फोटो-इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन नहीं होगा।

(4) **आइंस्टीन का प्रकाश वैद्युत समीकरण :** आइंस्टीन के अनुसार प्रकाश वैद्युत प्रभाव फोटॉन और इलेक्ट्रॉन के अप्रत्यास्थ संघट्ट का परिणाम है, जिसमें फोटॉन की ऊर्जा पूर्णतः अवशोषित हो जाती है। यदि एक

इलेक्ट्रॉन $E\,(=h\nu)$ ऊर्जा के एक फोटॉन को अवशोषित करता है तब इस ऊर्जा का उपयोग तीन कार्यों में होता है।




Fig. 25.17

आइंस्टीन का प्रकाश वैद्युत समीकरण $E=W_0+K_{max}$ है।

जहाँ $K_{\text{अधिकतम}}=\frac{1}{2}mv^2_{\text{अधिकतम}}$ = उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा

## प्रकाश वैद्युत प्रभाव का प्रायोगिक प्रदर्शन
**(Experimental Setup for Photoelectric Effect)**

(1) दो धात्विक इलेक्ट्रोड एनोड ($Q$) एवं कैथोड ($P$) एक निर्वात् युक्त काँच की नलिका में चित्रानुसार लगे रहते हैं।




Fig. 25.18

(2) बैटरी या अन्य वोल्टेज के स्त्रोत द्वारा एनोड से कैथोड की ओर एक विद्युत क्षेत्र उत्पन्न किया जाता है।

(3) एक निश्चित तरंगदैर्ध्य या आवृत्ति का प्रकाश कैथोड पर आपतित होता है जिससे बाह्य परिपथ में एक धारा बहती है जिसे प्रकाश विद्युत धारा कहते हैं।

(4) संतृप्त अवस्था आने तक, विभवान्तर बढ़ाने पर प्रकाश विद्युत धारा बढ़ती है। संतृप्त अवस्था आने के बाद धारा नियत हो जाती है, इसे पुनः बढ़ाने के लिये आपतित प्रकाश की तीव्रता बढ़ानी होगी।

(5) जब बैटरी के सिरे उलट दिये जायें (अर्थात् प्लेट $Q$ को $P$ के सापेक्ष ऋणात्मक विभव दिया जाये) इलेक्ट्रॉन कैथोड की ओर गति प्रारम्भ कर देते हैं।

(6) प्लेट $Q$ के एक निश्चित ऋणात्मक विभव पर, इस तक इलेक्ट्रॉन नहीं पहुँच पाते, इस ऋणात्मक विभव को निरोधी विभव ($V_0$) कहते हैं।. निरोधी विभव द्वारा किया गया कार्य इलेक्ट्रॉन की अधिकतम गतिज ऊर्जा के बराबर होता है अर्थात् $K_{\text{अधिकतम}}=(|V_0|)\,eV$

## प्रकाश की तीव्रता एवं आवृत्ति का प्रभाव
**(Effect of Intensity and Frequency of Light)**

(1) **तीव्रता का प्रभाव :** यदि आपतित प्रकाश की तीव्रता बढ़ायी जाये (जबकि आवृत्ति नियत रहे) तो परिपथ में बहने वाली अधिकतम धारा का मान बढ़ जाता है अर्थात् प्रति एकांक समय में उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की संख्या बढ़ जाती है। किन्तु निरोधी विभव $V_0$ का मान नहीं बदलता अर्थात्

तीव्रता $\propto$ आपतित फोटॉनों की संख्या $\propto$ प्रति सैकण्ड उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की संख्या $\propto$ प्रकाश विद्युत धारा




Fig. 25.19

(2) **आवृत्ति का प्रभाव :** यदि आपतित प्रकाश की आवृत्ति बढ़ायी जाये (तीव्रता को नियत रखकर) तो निरोधी विभव बढ़ता है किन्तु प्रकाश विद्युत धारा में कोई परिवर्तन नहीं होता




Fig. 25.20

## प्रकाश वैद्युत प्रभाव के महत्वपूर्ण सूत्र
**(Important Formulae for Photoelectric Effect)**

(1) $h\nu=h\nu_0+K_{\text{अधिकतम}}$ तथा $K_{\text{अधिकतम}}=eV_0$

(2) $K_{\text{अधिकतम}}=eV_0=h(\nu-\nu_0)\;\Rightarrow\;\frac{1}{2}mv^2_{\text{अधिकतम}}=h(\nu-\nu_0)$

(3) $v_{\text{अधिकतम}}=\sqrt{\frac{2h(\nu-\nu_0)}{m}}$

(4) $K_{\text{अधिकतम}}=\frac{1}{2}mv^2_{\text{अधिकतम}}=eV_0=hc\left(\frac{1}{\lambda}-\frac{1}{\lambda_0}\right)=hc\left(\frac{\lambda_0-\lambda}{\lambda\lambda_0}\right)$

(5) $v_{\text{अधिकतम}}=\sqrt{\frac{2hc}{m}\frac{(\lambda_0-\lambda)}{\lambda\lambda_0}}$

(6) $V_0=\frac{h}{e}(\nu-\nu_0)=\frac{hc}{e}\left(\frac{1}{\lambda}-\frac{1}{\lambda_0}\right)=12375\left(\frac{1}{\lambda}-\frac{1}{\lambda_0}\right)$

## कॉम्पटन प्रभाव (Compton Effect)

(1) फोटॉन का इलेक्ट्रॉन से संघट्ट होने पर इलेक्ट्रॉन द्वारा फोटॉन का प्रकीर्णन कॉम्पटन प्रभाव कहलाता है।

(2) इस संघट्ट में ऊर्जा एवं संवेग संरक्षित रहते हैं।

(3) आपतित फोटॉन की तुलना में प्रकीर्णित फोटॉन की तरंगदैर्ध्य अधिक एवं ऊर्जा कम होती है।

(4) इस प्रक्रिया में फोटॉन की ऊर्जा में होने वाली कमी, इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा की वृद्धि के रूप में प्राप्त होती है।

(5) कॉम्पटन प्रभाव में फोटॉन की तरंगदैर्ध्य में होने वाले परिवर्तन को कॉम्पटन विस्थापन कहते हैं।

कॉम्पटन विस्थापन $\lambda_f - \lambda_i = \Delta\lambda = \frac{h}{m_0 c}(1-\cos\phi)$

यदि $\phi = 0^{\circ}, \Delta\lambda = 0$

$\phi = 90^{\circ}, \ \Delta\lambda = \frac{h}{m_0 c} = 0.24\,nm$

$\phi = 180^{o}, \Delta\lambda = \frac{2h}{m_0 c} = 0.48\,nm$ (कॉम्पटन तरंगदैर्ध्य)




Fig. 25.21

## X-किरणें (X-Rays)

(1) X-किरणों की खोज वैज्ञानिक रॉन्जन ने की इसलिए इन्हें रॉन्जन किरणें भी कहते हैं।

(2) रॉन्जन ने प्रदर्शित किया कि जब विसर्जन नलिका के दाब $10^{-3}$ *mm Hg* एवं इलेक्ट्रॉडों के मध्य आरोपित विभवान्तर 25 *kV* हो तब एनोड से विशेष प्रकार की अदृश्य किरणें (X-किरणें) उत्सर्जित होती हैं।

(3) इनके उत्पादन के लिए आवश्यक भाग निम्न हैं

(i) इलेक्ट्रॉन स्रोत

(ii) इलेक्ट्रॉनों को त्वरित करने के लिए एक व्यवस्था

(iii) उच्च गलनांक एवं उच्च परमाणु भार वाला एक लक्ष्य, जिस पर उच्च वेग वाले इलेक्ट्रॉन टकराते हैं।

## कूलिज नलिका (Coolidge X-Ray Tube)

(1) कूलिज नलिका की सहायता से X-किरणें उत्पन्न की जाती हैं। इसमें एक कठोर काँच की एक गोलाकार नलिका होती है, जिसमें कैथोड एवं लक्ष्य (Target) लगे होते हैं। कैथोड टंगस्टन फिलामेण्ट का बना होता है। इस फिलामेण्ट पर बेरियम ऑक्साइड या स्ट्रांशियम ऑक्साइड की पतली पर्त चढ़ी होती है। यह फिलामेण्ट मोलिब्डेनम के बेलन द्वारा घिरा होता है, इस बेलन को लक्ष्य के सापेक्ष ऋण विभव पर रखा जाता है।

(2) लक्ष्य (उच्च गलनांक, उच्च परमाणु भार एवं उच्च ऊष्मा चालकता) टंगस्टन या मोलिब्डेनम का बना होता है। यह ताँबे के गुटके पर लगा होता है।

(3) इस लक्ष्य का तल आपतित इलेक्ट्रॉन पुंज से $45^{\circ}$ के कोण पर झुका होता है।




Fig. 25.22

(4) फिलामेण्ट में धारा प्रवाहित करके इसे गर्म किया जाता है। लक्ष्य एवं कैथोड के बीच उच्च विभवान्तर (≈ 10 *kV* से 80 *kV*) आरोपित करने पर फिलामेण्ट से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन त्वरित होते हैं। इन त्वरित इलेक्ट्रॉनों के पुंज को लक्ष्य पर फोकस किया जाता है।

(5) इलेक्ट्रॉनों की अधिकांश ऊर्जा (98%) ऊष्मा में परिवर्तित हो जाती है केवल कुल ऊर्जा का (2%) भाग X-किरणों के उत्पादन में काम आता है।

(6) लक्ष्य में उत्पन्न इस अधिकतम ऊष्मा को एक ताम्र नली द्वारा शीतलक पत्तियों (Cooling fins) तक संचरित किया जाता है। जहाँ से यह ऊष्मा विकिरण एवं चालन द्वारा व्यय हो जाती है।

(7) **X-किरणों की तीव्रता पर नियंत्रण** : X-किरणों की तीव्रता से हमारा तात्पर्य लक्ष्य से उत्पन्न फोटॉनों की संख्या से है। X-किरणों की तीव्रता फिलामेण्ट से प्रति सैकण्ड उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की संख्या के अनुक्रमानुपाती होती है। एवं यह संख्या (अर्थात् तीव्रता) फिलामेण्ट में प्रवाहित धारा को बढ़ाकर बढ़ा सकते हैं। अतः X-किरणों की तीव्रता ∝ फिलामेण्ट धारा

(8) **X-किरणों की वेधन क्षमता पर नियंत्रण** : कैथोड एवं लक्ष्य के आरोपित विभवान्तर को परिवर्तित करके X-किरणों की वेधन क्षमता को नियंत्रित कर सकते हैं। आरोपित विभवान्तर का मान बढ़ाने पर कैथोड से इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा बढ़ जायेगी अर्थात् X-किरणों की वेधन क्षमता बढ़ जायेगी।

**Table 25.3 : X-किरणों के प्रकार**

| कठोर X-किरणें | मृदु X-किरणें |
|---|---|
| इनकी भेदन क्षमता उच्च होती है। | इनकी भेदन क्षमता अल्प होती है। |
| इनकी आवृत्ति उच्च ≈ $10^{19}$ *Hz* है। | इनकी आवृत्ति अपेक्षाकृत कम ≈ $10^{16}$ *Hz* है। |
| तरंगदैर्ध्य परास (0.1Å – 4Å) के बीच होती है। | तरंगदैर्ध्य परास (4Å – 100Å) के बीच होती है। |

## X-किरणों के गुण (Properties of X-Rays)

(1) X-किरणें विद्युत चुम्बकीय तरंगें हैं एवं इनकी तरंगदैर्ध्य परास 0.1Å – 100 Å है।

(2) इनकी तरंगदैर्ध्य प्रकाश की तुलना में बहुत कम होती है। अतः इनकी फोटॉन ऊर्जा उच्च होती है (यही X-किरणों एवं प्रकाश तरंगों में मुख्य अन्तर है)

(3) X-किरणें अदृश्य होती हैं।

(4) ये प्रकाश की चाल से सीधी रेखा में गमन करती हैं।

(5) X-किरणों की माप रॉन्जन (वेधन क्षमता की माप) है।

(6) इन पर कोई आवेश नहीं होता है। अतः ये विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र मे विक्षेपित नहीं होती है।

(7) $\lambda_{\gamma\text{-किरणें}} < \lambda_{X\text{-किरणें}} < \lambda_{UV\text{ किरणें}}$

(8) इनका उपयोग क्रिस्टल संरचना के अध्ययन में किया जाता है।

(9) ये गैसों को आयनित कर देती हैं।

(10) ये किरणें हड्डी या धातु की मोटी चादर को पार नहीं कर पाती हैं।

(11) ये फोटोग्राफिक प्लेट को प्रभावित करती हैं।

(12) ये किरणें मानव शरीर पर अधिक देर तक डालने पर शरीर को बहुत नुकसान पहुँचाती हैं।

(13) *X*-किरणों के लिए सीसा (*Pb*) एक अच्छा अवशोषक है।

(14) मानव शरीर के किसी भाग का *X*-किरण छायाचित्र लेने से पहले व्यक्ति को $BaSO_4$ का घोल पिलाते हैं, क्योंकि *X*-किरणें अधिक परमाणु क्रमांक वाले तत्वों द्वारा अधिक अवशोषित होती हैं।

(15) *X*-किरणें प्रकाश विद्युत प्रभाव एवं कॉम्पटन प्रभाव उत्पन्न करती है।

(16) *X*-किरणें हाइड्रोजन परमाणु द्वारा उत्सर्जित नहीं होती हैं। (क्योंकि ऊर्जा स्तर अत्यधिक नज़दीक)

(17) *X*-किरणों का उपयोग रडार में नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये लक्ष्य से परावर्तित नहीं होती हैं।

(18) ये किरणें प्रकाश के सभी महत्वपूर्ण गुणों को प्रदर्शित करती हैं। जैसे : परावर्तन, अपवर्तन, व्यतिकरण, विवर्तन, ध्रुवण आदि।

## *X*-किरणों का अवशोषण (Absorption of *X*-Rays)

*X*-किरणें जब किसी सतह पर आपतित होती हैं तो सतह द्वारा इनका अवशोषण हो जाता है।

माध्यम से निर्गमित *X*-किरणों की तीव्रता $I = I_0 e^{-\mu x}$

अवशोषित *X*-किरणों की तीव्रता $I' = I_0 - I = I_0(1 - e^{-\mu x})$

यहाँ $x$ = माध्यम की मोटाई, $\mu$ = अवशोषण नियतांक




Fig. 25.23

$\mu \propto \lambda^3$; ($\lambda$ = *X*-किरण की तरंगदैर्ध्य)

$\mu \propto \bar{v}^3$ ($v$ = *X*-किरण की आवृत्ति)

$\mu \propto Z^4$ ($Z$ = लक्ष्य का परमाणु क्रमांक)

## *X*-किरणों का वर्गीकरण (Classification of *X*-Rays)

*X*-किरण नलिका में जब उच्च ऊर्जावान् इलेक्ट्रॉन, लक्ष्य (धातु) से टकराते हैं तो ये अपनी गतिज ऊर्जा खो देते हैं एवं विराम में आ जाते हैं। इलेक्ट्रॉन विराम में आने से पूर्व लक्ष्य में स्थित कई परमाणुओं से संघट्ट करता है। प्रत्येक संघट्ट से निम्न दो प्रकार की *X*-किरणें (स्पेक्ट्रम) प्राप्त हो सकती हैं।

(1) सतत् X-किरणें

(2) अभिलाक्षणिक X-किरणें

## सतत् *X*-किरणें (Continuous *X*-Rays)

जब आपतित इलेक्ट्रॉन किसी परमाणु के नाभिक के नज़दीक से गुजरता है, तो यह अवमंदित होकर अपने मार्ग से विचलित हो जाता है। इस अवमन्दन के दौरान इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा में होने वाली कमी *X*-किरणों के रूप में उत्सर्जित होती है।

इस प्रकार से उत्सर्जित *X*-किरणों का सतत् *X*-किरण स्पेक्ट्रम प्राप्त होता है।




Fig. 25.24

(1) **न्यूनतम तरंगदैर्ध्य :** जब इलेक्ट्रॉन किसी अकेले परमाणु से संघट्ट करके अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा खो देता है, तो अधिकतम ऊर्जा का *X*-किरण फोटॉन ($h\nu$) उत्सर्जित होता है। अतः $\frac{1}{2}mv^2 = eV = h\nu_{\max} = \frac{hc}{\lambda_{\min}}$

यहाँ $v$ = लक्ष्य परमाणु के संघट्ट से पूर्व इलेक्ट्रॉन का वेग, $V$ = त्वरक वोल्टेज, $c$ = प्रकाश की चाल = $3 \times 10^8$ *m/s*

*X*-किरणों की अधिकतम आवृत्ति $\nu_{\max} = \frac{eV}{h}$

न्यूनतम आवृत्ति = न्यूनतम तरंगदैर्ध्य या देहली तरंगदैर्ध्य

$$\lambda_{\min} = \frac{hc}{eV} = \frac{12375}{V} Å$$

(2) **तीव्रता–तरंगदैर्ध्य ग्राफ :** *X*-किरणों के सतत् स्पेक्ट्रम में एक न्यूनतम तरंग दैर्ध्य से लेकर सभी तरंगदैर्ध्य की तरंगें होती हैं। इन सभी तरंगों की तीव्रता भिन्न-भिन्न होती है। निम्न चित्र में विभिन्न त्वरक वोल्टेजों पर तरंगदैर्ध्य के साथ इनकी तीव्रता परिवर्तन को दर्शाया गया है।




Fig. 25.25

प्रत्येक वोल्टेज पर, तीव्रता वक्र एक निश्चित तरंगदैर्ध्य ($\lambda_m$) से प्रारम्भ होकर एक अधिकतम मान तक बढ़ती है एवं इसके बाद घटने लगती है।

अधिकतम तीव्रता के संगत तरंगदैर्ध्य का मान त्वरक वोल्टेज पर निर्भर करता है। त्वरक वोल्टेज का मान अधिक होने पर इसका मान घटता है एवं इसका विलोम भी सत्य है।

## अभिलाक्षणिक *X*-किरणें (Characteristic *X*-Rays)

जब कुछ तीव्रगामी इलेक्ट्रॉन लक्ष्य की सतह पर स्थित परमाणुओं में काफी अन्दर तक प्रवेश कर जाते हैं एवं अन्दर की किसी भी कक्षा में स्थित इलेक्ट्रॉन से संघट्ट करके उसे बाहर निकाल देते हैं एवं इसके स्थान पर एक रिक्त स्थान उत्पन्न हो जाता है।




Fig. 25.26

इस रिक्त स्थान को भरने के लिए उच्च ऊर्जा स्तर से एक इलेक्ट्रॉन संक्रमण करता है। हम जानते हैं कि जब कोई उच्च ऊर्जा स्तर $E_2$ से निम्न ऊर्जा स्तर $E_1$ में संक्रमण करता है तो यह ऊर्जा $(E_2 - E_1)$ उत्सर्जित करता है। इस प्रकार यह ऊर्जा अन्तर एक निश्चित बहुत अल्प तरंगदैर्ध्य की $X$-किरणों के रूप में उत्सर्जित होता है। इस तरंगदैर्ध्य का मान लक्ष्य (धातु) की प्रकृति एवं परमाणु क्रमांक पर निर्भर करता है। इस प्रकार से प्राप्त $X$-किरण स्पेक्ट्रम में कई रेखायें (Sharpline) प्राप्त होती हैं। इस प्रकार प्राप्त स्पेक्ट्रम को अभिलाक्षणिक $X$-किरण स्पेक्ट्रम कहते हैं।

(1) ***K, L, M, ......* श्रेणी :** यदि इलेक्ट्रॉन लक्ष्य से टकराकर परमाणु के $K$-कोश से इलेक्ट्रॉन को निष्कासित करता है तो $K$-कोश में एक रिक्त स्थान बन जाता है, तो इसकी जगह भरने के लिये बाहरी कोश से, जैसे $L$-कोश से, इलेक्ट्रॉन $K$ कोश में कूदता है तथा निश्चित ऊर्जा का फोटॉन एक्स-किरणों के रूप में उत्सर्जित होता है। यह ऊर्जा सम्बद्ध कोशों की ऊर्जाओं के अन्तर के बराबर होती है। इस प्रकार जब किसी बाहरी कोश ($L, M, N$ .....) से कोई इलेक्ट्रॉन $K$ कोश में कूदता है तो उत्सर्जित $X$-किरण फोटॉनों से स्पेक्ट्रम की $K$-श्रेणी बनती है। इस श्रेणी की रेखाओं को क्रमशः $K_\alpha, K_\beta$, ...... से प्रदर्शित करते हैं।




Fig. 25.27

यदि लक्ष्य पर आपतित इलेक्ट्रॉन, इसके परमाणु के $L$-कोश से इलेक्ट्रॉन निकालता है तो $M, N$ ... कोशों से एक इलेक्ट्रॉन $L$-कोश में आकर गिरता है और कम ऊर्जा की $X$-किरणें उत्पन्न होती हैं। ये फोटॉन वर्णक्रम में $L$-श्रेणी बनाते हैं, इसी प्रकार $M$ श्रेणी, $N$ श्रेणी इत्यादि बनती है।

(2) **तीव्रता-तरंगदैर्ध्य ग्राफ :** कुछ निश्चित तरंगदैर्ध्यों पर, $X$-किरणों की तीव्रता उच्च है जिन्हें ग्राफ में $K_\alpha, K_\beta$ .... के लिए प्रदर्शित किया गया है। इन $X$-किरणों को अभिलाक्षणिक $X$-किरणें कहते हैं। अन्य तरंगदैर्ध्यों पर तीव्रता धीमे-धीमे परिवर्तित होती है। इन $X$-किरणों को सतत् $X$-किरण स्पेक्ट्रम कहते हैं।




Fig. 25.28

## मोसले का नियम (Mosley's Law)

मोसले ने ब्रेग स्पेक्ट्रोमीटर की सहायता से कई भारी तत्वों से प्राप्त अभिलाक्षणिक $X$-किरणों के स्पेक्ट्रम का अध्ययन किया तथा पाया कि विभिन्न तत्वों से प्राप्त स्पेक्ट्रम लगभग एकसमान प्राप्त होते हैं एवं स्पेक्ट्रम से प्राप्त श्रेणियों की आवृत्ति परमाणु क्रमांक $Z$ के साथ परिवर्ती है।

मोसले के अनुसार $\sqrt{\nu} = a(Z - b)$




Fig. 25.29

यहाँ $\nu$ = उत्सर्जित रेखा की आवृत्ति, $Z$ = लक्ष्य का परमाणु क्रमांक, $a$ = अनुपातिक नियतांक एवं $b$ = आवरण नियतांक

$(Z - b)$ = लक्ष्य का प्रभावी परमाणु क्रमांक

$a$ एवं $b$ के मान लक्ष्य की प्रकृति पर निर्भर नहीं करते हैं। $b$ के विभिन्न मान निम्न प्रकार हैं

| | |
|---|---|
| $b = 1$ | $K$- श्रेणी के लिए |
| $b = 7.4$ | $L$- श्रेणी के लिए |
| $b = 19.2$ | $M$- श्रेणी के लिए |

(1) यह बोर सिद्धान्त का समर्थन करता है।

(2) इस नियम से प्रयोगात्मक रूप में परमाणुओं के परमाणु क्रमांकों को ज्ञात किया।

(3) इस नियम के आधार पर आवर्त-सारिणी में तत्वों के परमाणु क्रमांक के आधार व्यवस्थित किया गया जो कि पूर्व में परमाणु भार के अनुसार व्यवस्थित थे।

(4) मोसले की गणना के आधार पर $A$ = 43, 61, 72, 75 के लिए आवर्त-सारिणी में खाली स्थान रखे गये, बाद मे इनकी खोज हुई।

(5) मोसले ने बताया कि $Cu$, $Ag$ एवं $Pt$ के परमाणु क्रमांक क्रमशः 29, 47 एवं 78 होंगे।

(6) जब $K$-कोश में एक रिक्त स्थान बनता है तो भी उसमें एक इलेक्ट्रॉन शेष रहता है। नाभिक का आवेश $Ze$ एवं $K$-कोश में उपस्थित इलेक्ट्रॉन का $-e$, क्योंकि $L$-कोश, $K$-कोश से पूर्णतः बाहर है। अतः $L$-कोश के इलेक्ट्रॉन के लिए नाभिक आवेश $Ze$ न होकर प्रभावी आवेश $(Z - 1)e$ होगा।

(7) अभिलाक्षणिक स्पेक्ट्रम में प्राप्त रेखा की तरंगदैर्ध्य समीकरण

$\frac{1}{\lambda} = R(Z - b)^2 \left(\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right)$ एवं $X$-किरण की ऊर्जा

$$\Delta E = h\nu = \frac{hc}{\lambda} = Rhc(Z - b)^2 \left(\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right)$$

(8) $K_\alpha$ रेखा के लिए $n_2 = 2$ एवं $n_1 = 1$

(i) $a = \sqrt{\frac{3RC}{4}} = 2.47 \times 10^{15}\, Hz$

(ii) $\nu_{K\alpha} = RC(Z - 1)^2 \left(1 - \frac{1}{2^2}\right) = \frac{3RC}{4}(Z - 1)^2$

$$= 2.47 \times 10^{15}(Z - 1)^2\, Hz$$

(iii) $K$-रेखा की तरंगदैर्ध्य का सामान्य समीकरण

$$\frac{1}{\lambda_K} = R(Z-1)^2\left(1-\frac{1}{n^2}\right)$$ यहाँ $n = 2, 3, 4, ....$

एवं $K_\alpha$-रेखा $\lambda_{K\alpha} = \dfrac{1216}{(Z-1)^2} \mathring{A}$

(iv) $E_{K\alpha} = 10.2(Z-1)^2 eV$

## $X$-किरणों के उपयोग (Uses of $X$-Rays)

(i) क्रिस्टल संरचना के अध्ययन में : $X$-किरणों के विवर्तन द्वारा DNA की संरचना निर्धारित की गई है।

(ii) चिकित्सा विज्ञान में

(iii) रेडियोग्राफी में

(iv) रेडियो चिकित्सा में

(v) इंजीनियरिंग में

(vi) प्रयोगशाला में

(vii) जासूसी में

(viii) कला में, पुरानी तेल चित्रकारी में होने वाले परिवर्तनों को $X$-किरणों से पहचाना जा सकता है। (तेलीय चित्रों के होने वाले परिवर्तनों का पता लगाने में)।

## Tips & Tricks

✍ धन-किरणों के अध्ययन से कई समस्थानिकों की खोज हुई।

✍ बोर की प्रथम कक्षा मे स्थित इलेक्ट्रॉनों से सम्बद्ध डी.ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य, कक्षा की परिधि के तुल्य होती है।

✍ एक कण जिसका विराम द्रव्यमान शून्य हो तथा संवेग एवं ऊर्जा रखता है तब इसे प्रकाश के वेग से गतिमान होना चाहिए।

✍ किसी गैस अणु से सम्बद्ध डी.ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य $\lambda = \dfrac{h}{mv_{rms}} = \dfrac{h}{\sqrt{3\,mkT}}$ $T$ ताप पर गैस अणु की ऊर्जा $E = \dfrac{3}{2}kT$

✍ फोटॉन एक द्रव्य कण नहीं है। यह ऊर्जा का एक पैकेट है।

✍ जब एक कण तरंग प्रकृति प्रदर्शित करता है तब इससे एक तरंग सम्बद्ध न होकर तरंग का एक पैकेट सम्बद्ध होता है।

✍ किसी धात्विक सतह पर बेरियम ऑक्साइड या स्ट्रांशियम ऑक्साइड की परत चढ़ाने पर इसका कार्य फलन कम हो जाता है।

✍ याद रखें कि प्रकाश विद्युत प्रभाव में आपतित विकिरणों की तीव्रता, प्रकाश संवेदी प्लेट और प्रकाश स्त्रोत के बीच की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होती है अर्थात् $I \propto \dfrac{1}{d^2}$ इसलिये $I \propto i \propto \dfrac{1}{d^2}$)

✍ प्रकाश उत्सर्जी सेल (निर्वात् प्रकाश सेल) में बल्ब में कोई अक्रिय गैस (आर्गन) भरकर प्रकाश वैद्युत धारा का मान बढ़ाया जा सकता है। कैथोड से उत्सर्जित फोटो-इलेक्ट्रॉन गैस अणुओं से टकराकर उन्हें आयनित कर देती है। फलस्वरूप धारा का मान बढ़ जाता है।

✍ कॉम्पटन प्रभाव से प्रदर्शित होता है कि फोटॉन संवेग रखता है।

✍ $X$-किरणों का उत्पन्न होना प्रकाश वैद्युत प्रभाव की व्युत्क्रम घटना है।

✍ माध्यम में वह गहराई, जिस पर निर्गमित $X$-किरणों की तीव्रता आधी अर्थात् $I' = \dfrac{I_0}{2}$ रह जाती है, अर्द्ध-मान मोटाई ($x$) कहलाती है। जिसका मान $x_{1/2} = \dfrac{0.693}{\mu}$

✍ इलेक्ट्रॉन के अवमंदित एवं विचलित होने के कारण सतत् $X$-किरणों के उत्सर्जन होने की परिघटना को ब्रेमस्ट्रालंग (Bremsstrahlung) कहते हैं इसका अर्थ है, मंदित करना या विकिरण अवरोधन।

✍ अभिलाक्षणिक $X$-किरणों की तरंगदैर्ध्य त्वरक वोल्टेज पर निर्भर नहीं करती है। यह लक्ष्य पदार्थ के परमाणु क्रमांक ($Z$) पर निर्भर करता है।

✍ $X$-अभिलाक्षणिक $X$-किरण वर्णक्रम में $\lambda_{K\alpha} < \lambda_{L\alpha} < \lambda_{M\alpha}$ एवं $\nu_{K\alpha} > \nu_{L\alpha} > \nu_{M\alpha}$, $\lambda_{K\alpha} > \lambda_{K\beta} > \lambda_{K\gamma}$

✍ सामान्यतः पराबैंगनी किरणों के आपतित होने पर सभी धातुएँ फोटो-इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित करती हैं परन्तु क्षारीय धातुएँ (जैसे : लीथियम, सोडियम, पोटैशियम, रूबीडियम एवं सीजियम) दृश्य प्रकाश के आपतित होने पर भी फोटो-इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित करती है।

✍ निर्वात् नलिकाओं में ऑक्साइड लेपित फिलामेण्ट का उपयोग करने पर यह अपेक्षाकृत कम ताप पर इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित करता है, अर्थात् फिलामेण्ट का कार्य फलन कम हो जाता है।

✍ अल्प दाब पर विसर्जन नलिका में इलेक्ट्रॉन का मुक्त पथ अधिक होने के कारण ये संघट्ट से अधिक गतिज ऊर्जा प्राप्त कर लेते हैं जिससे गैसों में विद्युत चालन सम्भव होता है।

✍ कैथोड किरणों की गतिज ऊर्जा कैथोड के वोल्टेज एवं कार्य फलन दोनों पर निर्भर करती है।

✍ प्रकाश की कण-प्रकृति, प्रकाश विद्युत प्रभाव का कारण है।

✍ हाइड्रोजन परमाणु में ऊर्जा स्तर अधिक पास होने के कारण इससे $X$-किरणें उत्सर्जित नहीं होती हैं।

✍ $\gamma$-किरणों एवं $X$-किरणों में मुख्य अन्तर यह है कि $\gamma$-किरणें नाभिक से उत्सर्जित होती हैं जबकि $X$-किरणें परमाणु के बाहरी भाग से।

✍ प्रकाश-विद्युत प्रभाव में, फोटॉनों के आपतित होने एवं इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन में कोई समय पश्चतता नहीं होती है, अर्थात् जैसे ही फोटॉन आपतित होते हैं वैसे ही सतह से इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होने लगते हैं। अर्थात् सतह से इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन प्रारम्भ होने में कोई समय नहीं लगता है।

✍ यदि प्रकाश की तरंग प्रकृति माने तो सतह से एक इलेक्ट्रॉन के उत्सर्जन में लगभग एक वर्ष लगेगा।

✍ $X$-किरणों की मात्रा (Doze) उत्पन्न आयनों की संख्या या आयनन से मुक्त ऊर्जा के पदों में व्यक्त की जाती है।

✍ एक व्यक्ति को एक सप्ताह में $X$-किरणों की 1 रॉन्जन मात्रा सुरक्षित रूप से दी जा सकती है (एक रॉन्जन $X$-किरणों की वह मात्रा है जो NTP पर 1 ग्राम वायु के आयनन से $2.5 \times 10^{4}$ $J$ ऊर्जा मुक्त करती है।)

✍ प्रकाश विद्युत प्रभाव में आपतित फोटॉनों की ऊर्जा समान होने पर

भी धात्विक सतह से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा भिन्न-भिन्न होती है। ऐसा इसलिये होता है कि सभी उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन सतही नहीं होते हैं।

वे इलेक्ट्रॉन जो कि सतह के नीचे से आते हैं, स्वतंत्र होने में बहुत ऊर्जा खर्च कर देते हैं।

✍ आइन्सटीन को प्रकाश विद्युत प्रभाव के लिये नोबल पुरुस्कार दिया गया था।

✍ नाभिक के अन्दर प्रोटॉन के संवेग मापन में अनिश्चितता होती है $\Delta p = \frac{h}{2\pi d}$ ; यहाँ $d$ = नाभिक का व्यास एवं $\Delta x = d$ = प्रोटॉन की स्थिति के मापन की अनिश्चितता

## Ordinary Thinking

### Objective Questions

### कैथोड किरणें एवं धन किरणें

1. मिलिकन के प्रयोग में धातु की दो क्षैतिज प्लेटों के बीच की दूरी 2.5 $cm$ तथा विभवान्तर 250 वोल्ट आरोपित किया गया है, तो प्लेटों के मध्य विद्युत क्षेत्र होगा
   (a) 900 $V/m$ (b) 10000 $V/m$
   (c) 625 $V/m$ (d) 6250 $V/m$

2. कैथोड किरण की कण प्रकृति सिद्ध होने का कारण है [CPMT 1986; MNR 1986]
   (a) किरण का निर्वात् में चलना
   (b) किरणों का विद्युत और चुम्बकीय क्षेत्रों से विक्षेपित होना
   (c) किरणों के द्वारा प्रतिदीप्ति उत्पन्न करना
   (d) इनके द्वारा प्रतिछाया उत्पन्न करना

3. मिलिकन के प्रयोग में तेल का उपयोग किया जाता है इसका कारण है
   (a) यह चिकना है (b) घनत्व अधिक है
   (c) यह वाष्पशील है (d) यह वाष्पशील नहीं है

4. एक कण जिसकी संहति इलेक्ट्रॉन की संहति से 400 गुना व आवेश इलेक्ट्रॉन के आवेश का दुगना है, 5 $V$ विभवान्तर के द्वारा त्वरित किया जाता है। यदि कण प्रारम्भ में स्थिर था, तो उसकी अंतिम गतिज ऊर्जा होगी [MP PMT 1990]
   (a) 5 $eV$ (b) 10 $eV$
   (c) 100 $eV$ (d) 2000 $eV$

5. एक इलेक्ट्रॉन ($e = 1.6\times10^{-19}C$) को 10 वोल्ट के विभव द्वारा त्वरित किया जाता है। इलेक्ट्रॉन द्वारा प्राप्त ऊर्जा होगी [MP PET 1989]
   (a) $1.6\times10^{-24}\ J$ (b) $1.6\times10^{-14}\ erg$
   (c) $0.53\times10^{-17}\ J$ (d) $1.6\times10^{-14}\ J$

6. प्रयोग करते हुए एक दिन मिलीकन ने एक बूँद पर निम्नलिखित आवेश प्रेरित किये
   (i) $6.563\times10^{-19}C$ (ii) $8.204\times10^{-19}C$
   (iii) $11.50\times10^{-19}C$ (iv) $13.13\times10^{-19}C$
   (v) $16.48\times10^{-19}C$ (vi) $18.09\times10^{-19}C$
   इन आँकड़ों से मूल आवेश ($e$) का मान आया [MP PMT 1993]
   (a) $1.641\times10^{-19}C$ (b) $1.630\times10^{-19}C$
   (c) $1.648\times10^{-19}C$ (d) $1.602\times10^{-19}C$

7. जब इलेक्ट्रॉन का पुँज वैद्युत क्षेत्र से गुजरता है तब उसकी गतिज ऊर्जा बढ़ जाती है। यदि यही पुँज चुम्बकीय क्षेत्र में से गुजरे तब
   (a) इनकी ऊर्जा बढ़ती है
   (b) इनका संवेग बढता है
   (c) स्थितिज ऊर्जा बढती है
   (d) ऊर्जा और संवेग दोनों ही अपरिवर्तित रहते हैं

8. मिलीकन के आवेश ज्ञात करने की विधि में निम्न में से किस नियम का उपयोग होता है ? [DPMT 2002]
   (a) ऐम्पियर का नियम
   (b) स्टोक का नियम
   (c) फ्लेमिंग के बायें हाथ का नियम
   (d) फ्लेमिंग के दायें हाथ का नियम

9. इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान निम्न में से किस कारण से बदलता है
   (a) कैथोड किरण ट्यूब के आकार के कारण
   (b) '$g$' के मान में परिवर्तन के कारण
   (c) वेग के कारण
   (d) इलेक्ट्रॉन के आकार के कारण

**10.** जब इलेक्ट्रॉनों का वेग बढ़ता है तब उसके विशिष्ट आवेश का मान **[MP PMT 1994]**

(a) बढ़ता है

(b) घटता है

(c) अपरिवर्तित रहता है

(d) किसी वेग तक बढ़ता है फिर घटना शुरू हो जाता है

**11.** एक इलेक्ट्रॉन को 1000 वोल्ट विभवान्तर से त्वरित किया गया है। इसका वेग लगभग है **[MP PMT 1985; Pb. PET 2003]**

(a) $3.8\times10^7 m/s$ (b) $1.9\times10^6 m/s$

(c) $1.9\times10^7 m/s$ (d) $5.7\times10^7 m/s$

**12.** किसी इलेक्ट्रॉन गन में नियंत्रण ग्रिड को कैथोड के सापेक्ष ऋणात्मक विभव प्रदान किया गया है **[NCERT 1988]**

(a) इलेक्ट्रॉनों को मंदित करने के लिए

(b) इस में से गुजरने वाले इलेक्ट्रॉनों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए

(c) समान वेग के इलेक्ट्रॉनों का चयन करने तथा इन्हें अक्ष के अनुदिश अभिसरित करने के लिए

(d) इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा घटाने के लिए

**13.** इलेक्ट्रॉन व $\alpha$ कण को विराम से 100 *V* विभवान्तर द्वारा त्वरित करने पर उनके संवेगों का अनुपात होगा **[MNR 1994; RPET 1997]**

(a) 1 (b) $\sqrt{\frac{2m_e}{m_\alpha}}$

(c) $\sqrt{\frac{m_e}{m_\alpha}}$ (d) $\sqrt{\frac{m_e}{2m_\alpha}}$

**14.** जब कैथोड किरणों पर एक अनुप्रस्थ विद्युत क्षेत्र कार्य करता है तो वे **[MP PET 1994]**

(a) विभव प्रवणता के नीचे की ओर गति करती हैं

(b) विभव प्रवणता के ऊपर की ओर गति करती हैं

(c) अतिपरवलयिक पथ के अनुदिश गति करती हैं

(d) वृत्तीय पथ के अनुदिश गति करती हैं

**15.** विद्युत आवेश मूल इलेक्ट्रॉनिक आवेश के पूर्णांक गुणक होते हैं, इस तथ्य को प्रायोगिक रूप से सिद्ध किया था **[MP PET 1994]**

(a) प्लांक ने (b) जे.जे. थॉमसन ने

(c) आइन्सटीन ने (d) मिलिकन ने

**16.** मिलिकन तेल बूँद के प्रयोग में $1.8\times10^{-14} kg$ द्रव्यमान की एक आवेशित तेल की बूँद इसकी प्लेटों के मध्य स्थिर है। प्लेटों के मध्य की दूरी 0.90 *cm* तथा विभवान्तर 2.0 किलो वोल्ट है। तेल की बूँद पर इलेक्ट्रॉन की संख्या है **[MP PMT 1994, 2003; MP PET 1997]**

(a) 500 (b) 50

(c) 5 (d) 0

**17.** इलेक्ट्रॉन पर आवेश की खोज किसके द्वारा की गई **[BHU 1995; RPMT 1999; DCE 2004]**

(a) जे. जे. थॉमसन (b) नील्स बोहर

(c) मिलीकन (d) चेडविक

**18.** मिलिकन के प्रयोग में तेल की बूँदों पर, निम्नलिखित में से कौन से आवेश पाए जा सकते हैं (यहाँ *e* इलेक्ट्रॉन का आवेश है) **[MP PET 1995]**

(a) शून्य, $\alpha-$ कण के आवेश के मान के बराबर

(b) $2e, 1.6\times10^{-18} C,$

(c) $1.6\times10^{-19} C, 2.5e$

(d) $1.5e, e$

**19.** एक संकीर्ण इलेक्ट्रॉन पुँज वैद्युत क्षेत्र $E=3\times10^4 volt/m$ और उसी स्थान पर आरोपित चुम्बकीय क्षेत्र $B=2\times10^{-3} Weber/m^2$ से अविचलित गुजर जाता है। इलेक्ट्रॉन गति, वैद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र तीनों परस्पर लम्बवत् हैं। इलेक्ट्रॉनों की चाल का मान है **[MP PET 1995]**

(a) 60 *m/s* (b) $10.3\times10^7 m/s$

(c) $1.5\times10^7 m/s$ (d) $0.67\times10^{-7} m/s$

**20.** इलेक्ट्रॉन का *e/m* ज्ञात करने की थॉमसन विधि में **[MP PMT 1997]**

(a) विद्युत व चुम्बकीय क्षेत्र इलेक्ट्रॉन पुँज की दिशा के समान्तर होते हैं

(b) विद्युत व चुम्बकीय क्षेत्र इलेक्ट्रॉन पुँज की दिशा से व आपस में लम्बवत् होते हैं

(c) चुम्बकीय क्षेत्र इलेक्ट्रॉन पुँज की दिशा के समान्तर होता है

(d) विद्युत क्षेत्र इलेक्ट्रॉन पुँज की दिशा के समान्तर होता है

**21.** कैथोड किरणें एक समरूप चुम्बकीय क्षेत्र में, क्षेत्र की दिशा के लम्बवत् प्रवेश करती हैं। चुम्बकीय क्षेत्र में उनका मार्ग होगा **[MP PMT/PET 1998]**

(a) सरल रेखीय (b) वृत्ताकार

(c) परवलयाकार (d) दीर्घवृत्तीय

**22.** इलेक्ट्रॉन का विशिष्ट आवेश होता है **[MP PET/PMT 1998; J & K CET 2004; Pb. PET 2002; MH CET 1999]**

(a) $1.6 \times 10^{-19}$ कूलॉम (b) $4.8 \times 10^{-10}$ स्थैत कूलॉम

(c) $1.76 \times 10^{11}$ कूलॉम / किग्रा (d) $1.76 \times 10^{-11}$ कूलॉम / किग्रा

**23.** एक इलेक्ट्रॉन $x$ – अक्ष के अनुदिश स्थिर वेग से गति कर रहा है। यदि $y$ – अक्ष के अनुदिश एक समरूप विद्युत क्षेत्र लगाया जाए तो $x-y$ तल में इसका पथ होगा **[MP PMT 1999]**

(a) एक सरल रेखा (b) एक वृत्त

(c) एक परवलय (d) एक दीर्घवृत्त

**24.** कैथोड किरणें, दृश्य प्रकाश किरणों के समान होती हैं क्योंकि **[SCRA 1994]**

(a) ये दोनों विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्रों में विक्षेपित हो जाती हैं

(b) इन दोनों में निश्चित परिमाण की तरंगदैर्ध्य होती है

(c) ये दोनों गैस से गुजरने पर उसे आयनित कर देती हैं

(d) ये दोनों फोटोग्राफिक फिल्म को प्रभावित करती हैं

**25.** किसी निश्चित पदार्थ से टकराने पर इलेक्ट्रॉनों द्वारा प्रतिदीप्त उत्पन्न करने के लिये निम्न में से कौनसा उपकरण उपयुक्त है **[SCRA 1994]**

(a) तापायनिक वाल्व (b) प्रकाश विद्युत सेल

(c) कैथोड किरण ऑसिलोस्कोप (d) इलेक्ट्रॉन गन

**26.** निर्वात नलिकाओं में ऑक्साइड लेपित तन्तु का उपयोग किया जाता है क्योंकि आवश्यक रूप से **[SCRA 1994]**

(a) इसका गलनांक बिन्दु उच्च होता है

(b) ये उच्च ताप सह सकता है

(c) इसकी यांत्रिक क्षमता अधिक होती है

(d) ये कम ताप पर भी इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित कर सकता है

**27.** गैसों में कम दाब पर विद्युत का चालन होता है क्योंकि **[CBSE PMT 1994]**

(a) कम दाब पर गैसें प्लाज्मा में बदल जाती हैं

(b) टकराने वाले इलेक्ट्रॉन माध्यमुक्त पथ की वृद्धि से उच्च ऊर्जा प्राप्त कर लेते हैं जो कि परमाणुओं का आयनन करते हैं

(c) परमाणु इलेक्ट्रॉन एवं प्रोटॉन में टूटता है

(d) परमाणु में इलेक्ट्रॉन कम दाब पर स्वतंत्रापूर्वक गति कर सकता है

**28.** एक दूसरे के लम्बवत् विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन पुंज क्षेत्रों के लम्बवत् गति करता है, तो इलेक्ट्रॉनों का वेग होगा (जबकि विद्युत क्षेत्र की तीव्रता 20 $Vm^{-1}$ एवं चुम्बकीय क्षेत्र की तीव्रता 0.5 $T$ है) **[CBSE PMT 1996]**

(a) 20 $ms^{-1}$ (b) 40 $ms^{-1}$

(c) 8 $ms^{-1}$ (d) 5.5 $ms^{-1}$

**29.** उत्सर्जित कैथोड किरणों की गतिज ऊर्जा निर्भर करती है **[CPMT 1996]**

(a) सिर्फ वोल्टेज पर

(b) कार्यफलन पर

(c) (a) एवं (b) दोनों

(d) यह किसी भी भौतिक राशि पर निर्भर नहीं करती

**30.** हाइड्रोजन परमाणु में इलेक्ट्रॉन के कक्ष की त्रिज्या 0.5 $\mathring{A}$ है एवं इलेक्ट्रॉन का वेग $2 \times 10^6 m/s$ है अतः इलेक्ट्रॉनों की गति के कारण लूप में धारा होगी **[RPMT 1996]**

(a) 1 $mA$ (b) 1.5 $mA$

(c) 2.5 $mA$ (d) $1.5 \times 10^{-2} mA$

**31.** एक इलेक्ट्रॉन को 100 $V$ पर त्वरित करने पर इसकी गतिज ऊर्जा होगी **[MP PET 1986; CBSE PMT 1997; AIIMS 1998]**

(a) $1.602 \times 10^{-17}$ जूल (b) 418.6 कैलोरी

(c) $1.16 \times 10^4 K$ (d) $6.626 \times 10^{-34}$ वॉट सैकण्ड

**32.** जब प्रोटॉन को 1 वोल्ट के विभवान्तर से त्वरित किया जाये तो इसकी गतिज ऊर्जा होगी **[CPMT 1997; CBSE PMT 1999; RPET 2003]**

(a) $\frac{1}{1840} eV$ (b) 1840 $eV$

(c) 1 $eV$ (d) 1840 $c^2$ $eV$

**33.** इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा बढ़ाई जा सकती है यदि **[JIPMER 1997]**

(a) इन्हें विद्युत विभव से गिरने दिया जाये

(b) इन्हें चुम्बकीय क्षेत्र में गति कराया जाये

(c) इन्हें काफी ऊँचाई से गिरने दिया जाये

(d) इन्हें सीसे के गुटके से गुजारा जाये

**34.** कैथोड किरणें एवं कैनाल किरणें एक विसर्जन नलिका में उत्पन्न होती हैं, एक ही दिशा में विक्षेपित होंगी यदि **[SCRA 1998]**

(a) एक अभिलम्बवत् चुम्बकीय क्षेत्र आरोपित किया जाता है

(b) एक अभिलम्बवत् विद्युत क्षेत्र आरोपित किया जाता है

(c) एक स्पर्श रेखीय विद्युत क्षेत्र लगाया जाता है

(d) एक स्पर्श रेखीय चुम्बकीय क्षेत्र लगाया जाता है

35. मिलिकन के तेल बूँद प्रयोग में, तेल बूंद पर आवेश $6.35 \times 10^{-19} C$ है। तो बूंद पर कितने इलेक्ट्रॉनों की अधिकता होगी [MNR 1998]

(a) 3.9 (b) 4

(c) 4.2 (d) 6

36. कैथोड किरणों में होते हैं [DCE 1999]

(a) फोटॉन (b) इलेक्ट्रॉन

(c) प्रोटॉन (d) $\alpha$ -कण

37. जब कैथोड किरणें एक धातु की प्लेट से टकराती हैं, तो वह गर्म हो जाती है [CPMT 2000; Pb. PET 2000]

(a) कैथोड किरणों की गतिज ऊर्जा के कारण

(b) कैथोड किरणों की स्थितिज ऊर्जा के कारण

(c) कैथोड किरणों के रेखीय वेग के कारण

(d) कैथोड किरणों के कोणीय वेग के कारण

38. कैथोड किरणें होती हैं [RPET 2000]

(a) धन किरणें (b) उदासीन किरणें

(c) हीलियम किरणें (d) इलेक्ट्रॉन पुंज

